कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म. प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706
ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

दिनांक 22/11/2019

प्रेस विज्ञप्ति

छात्राओं का प्रेम देखकर प्रफुल्लित हुए वृद्धजन

आज दिनांक 22/11/2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रासेयो स्वयं सेवको द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को दैनिक उपयोगी वस्तुओ को उपलब्ध कराने के लिए स्टाफ एवं छात्राओं से दान एकत्रित करके उनको सामग्री वितरण का निर्णय लिया गया। छात्राओं द्वारा एकत्रित राशि से साबुन, टुथपेस्ट, टुथब्रश, हैंड टाबिल, स्कार्फ, टोपा, फलो में केला, अनार, स्वल्पाहार मे चिप्स, नमकीन, बिस्किट, समोसे आदि वस्तओ को खरीद कर उनको सामाग्री आज वितरित किया। महाविद्यालय के मुख्य लिपिक श्री विनोद शर्मा द्वारा सभी वृद्धजनो के लिए टोपी व स्कार्फ दान किये गये। महाविद्यालय की सरिता सिमोलिया एवं मालती द्वारा आटा एवं दाल दान किया गया। इसके साथ ही दान में एकत्रित साड़ी, सूट, पेंट, शर्ट, कुर्ता, पजामा, स्वेटर, शॉल आदि कपड़ो को भी बाँटा गया। छात्राओं ने सामग्री वितरण पश्चात उनसे बाते की, गाने सुनाये, उनकी बातो को सुना तथा उनके साथ स्वल्पाहार भी किया। सभी वृद्धजन छात्राओं का प्रेम देखकर बहुत खुश थे तथा उन्होने सब छात्राओं को ढ़ेर सारा आशीर्वाद भी दिया। संपूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं स्वयं सेवक प्रिया धाड़ी, मेघा झंवर, मीनल एवं मिनी के विशेष सहयोग से पूर्ण हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य लिपिक श्री विनोद शर्मा, अकबर अली, सरिता सिमौलिया, कीर्ति, दीप्ति परमार, सुलोचना, विजय, शैफाली, सृष्टि, सितारा, शालिनी, सोनाली, सोना आदि का भी सहयोग रहा। वृद्धाश्रम के संचालक श्री राहुल सिंह, प्रबंधक राकेश शर्मा, सहायक सेवक श्री अखलेश जायसवाल ने महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया तथा छात्राओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

संकल्प वृद्ध आश्रम, सीहोर
जन्मदिन की
सीहोर
संचालक

कन्या महाविद्यालय,